| |
|---|
| दिनांक 27.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 59/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद मऊ/थाना कोपागंज</u>**

- **50–50 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के नगद रूपये, सफेद धातु के आभूषण**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 26.01.2026 को थाना कोपागंज व थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भदसामानोपुर रेलवे क्रासिंग के पास से 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–विशाल कुमार 2–शिवम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के नगद रूपये, सफेद धातु के आभूषण, 02 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं जो थाना कोपागंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50–50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोपागंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–विशाल कुमार निवासी सुरहूरपुर थाना मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ।

2–शिवम निवासी हलीमाबाद थाना मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के नगद रूपये, सफेद धातु के आभूषण।

2–02 मोबाइल फोन।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4–01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद मऊ/थाना दोहरीघाट**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 27.01.2026 को थाना दोहरीघाट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नई बाजार अण्डर पास पुल के नीचे से पुरस्कार घोषित अभियुक्त सलमान को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद आजमगढ़, मऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना दोहरीघाट पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सलमान निवासी विषहम थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़।

**जनपद अम्बेडकरनगर/थाना भीटी**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 26 हजार 900 रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 26.01.2026 की रात्रि थाना भीटी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम महापारा के पास से 02 अभियुक्तों 1–चन्दू उर्फ चन्द्रपाल 2–अभिषेक को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 26 हजार 900 रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना भीटी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना भीटी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना भीटी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—चन्दू उर्फ चन्द्रपाल निवासी ग्राम धनाईतपुर थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर।

2—अभिषेक निवासी कटघरा चिरौनी पट्टी थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर।

**बरामदगी**

1—लूट के 26 हजार 900 रूपये नगद।

2—02 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना कर्नलगंज

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **03 खोखा कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 27.01.2026 को थाना कर्नलगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर केशा कार्यालय के पास पुरानी ब्रुस फैक्ट्री के खण्डहर से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 03 अभियुक्तों 1—देशराज 2—मो0आकिब 3—चांदबाबू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 03 खोखा कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कर्नलगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—देशराज निवासी मैथीटिकुर थाना माखी जनपद उन्नाव।

2—मो0आकिब निवासी बकरमण्डी थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट कानपुर नगर।

3—चांदबाबू निवासी बकरमण्डी थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1—10 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2—03 खोखा कारतूस, 08 नाल विभिन्न बोर।

3—भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली देहात

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 03 फॉर्च्यूनर गाड़ी आदि बरामद**

दिनॉकः 27.01.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त आलिम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 03 फॉर्च्यूनर गाड़ी आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आलिम निवासी ग्राम जोला थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 03 फॉर्च्यूनर गाड़ी आदि।

➢ **जनपद सुलतानपुर/थाना चांदा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 15—15 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद सुलतानपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सुलतानपुर द्वारा थाना चांदा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/307/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1—हरिश्चन्द्र 2—वीरू उर्फ विशाल 3—विकास उर्फ शेरू को आजीवन कारावास व 15—15 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद गोण्डा/थाना को0नगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कारावास की सजा व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0नगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त विकास कुमार उर्फ कुषाल को 20 वर्ष के कारावास व 35 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————